नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 18-10-2019

# प्रकाशनार्थ

भूमण्डलीकरण का मानवीय जीवन के हर पहलू पर गहरा प्रभाव है, भूमण्डलीकरण की ओर बढ़ते कदम एवं आधुनिक प्रौद्योगिकी ने जीवन शैली परिवर्तनों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उक्त बातें महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ गोरखपुर में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में **''भूमण्डलीकरण का जीवन शैली पर प्रभाव''** विषय पर बोलते हुए दिग्विजयनाथ पी. जी. कॉलेज के वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष **डॉ. नीरज कुमार सिंह** ने कहीं। आगे उन्होंने कहा कि भूमण्डलीकरण ने पूरे विश्व को वैश्विक बाजार के रूप में एकीकृत किया है, जीवन शैली के प्रसारणों में सांस्कृतिक साम्राज्यवाद के नजरिये से क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर जनप्रिय बनाये जाने की प्रक्रिया को देखा जा सकता है।

आगे उन्होंने बताया कि भूमंडलीकरण के माध्यम से पारिवारिक संरचना मे परिवर्तन के रूप में एकाकी परिवार की बहुतायत देखी जा रही है। जिसका कारण रोजगार के लिए प्रवजन है। परिणामस्वरूप आय में वृद्धि के साथ–साथ जीवन स्तर को सुधारने वाले सुविधा की वस्तुओं पर व्यय में अभिवृद्धि भी हुई है वैश्विक उपभोग वस्तुओं का निर्बाध प्रवाह बढ़ने के कारण प्रभावी उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण के रूप में सांस्कृतिक साम्राज्यवाद प्रतीत होता है।

व्याख्यान कार्यक्रम में विषय की प्रस्तावना वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ला ने प्रस्तुत किया अतिथि का स्वागत डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने बाबा गोरक्षनाथ के स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती नूपुर शर्मा तथा बी. काम. प्रथम वर्ष के समस्त छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी